## एक नजर में

### कैंपस ड्राइव में एमआईटी के तीन छात्र चयनित







**उज्जैन।** एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन के द्वारा आयोजित कैंपस ड्राइव में संस्था के तीन मेधावी छात्रों का चयन हुआ। गौतम परमार, राजेंद्र सिंह परमार और हर्ष जगदेव, जो सभी बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र हैं, को ग्रेजुएशन इंजीनियर ट्रेनी के पद पर चुना गया है। कंपनी की चयन प्रक्रिया ऑनलाइन टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन और तकनीकी साक्षात्कार पर आधारित थी। संस्था के टीपीओ सेल के डिप्टी डायरेक्टर अनुराग भदानिया ने कंपनी का परिचय देते हुए कहा मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैदराबाद स्थित एक प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है, जिसकी स्थापना 1989 में हुई थी। यह कंपनी देशभर में 15 से अधिक राज्यों में अपने प्रोजेक्ट्स संचालित करती है और 7000 से अधिक कर्मचारियों के साथ उच्च गुणवत्ता वाले इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर एमआईटी ग्रुप के निदेशक डॉ. मुकेश शुक्ला ने कहा हमारे छात्रों की यह उपलब्धि संस्थान के शैक्षणिक मानकों और उद्योग-संबंधी प्रशिक्षण की गुणवत्ता को प्रदर्शित करती है। हम एमईआईएल जैसी प्रतिष्ठित कंपनी के साथ साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। वहीं, एमआईटी ग्रुप के वाइस चेयरमैन आकाश वशिष्ठ ने कहा यह हमारे छात्रों के कौशल और संस्थान के प्रयासों का सुखद परिणाम है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में संस्थान के प्लेसमेंट प्रदर्शन ने नए मानदंड स्थापित किए हैं। 250 से अधिक प्रमुख कंपनियों ने हमारे कैंपस में भर्ती प्रक्रिया पूरी की है। इस वर्ष छात्रों को प्राप्त औसत पैकेज 6 लाख वार्षिक रहा। जबकि सर्वोच्च पैकेज 27 लाख वार्षिक दर्ज किया गया।



### प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई

**उज्जैन।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जाती है। बुधवार, 30 जुलाई को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा फल गोदामों पर इस आशय के साथ कार्रवाई की गई कि फलों के पकाने में कृत्रिम रसायन, कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग तो नहीं किया जा रहा। दल द्वारा श्री सांई फ्रूट प्रोसेसिंग मोहन नगर उज्जैन, एआर फ्रूट मर्चेंट मिर्जा नईम बेग उज्जैन एवं अकशा फ्रूट सप्लायर कमल कॉलोनी आगर रोड उज्जैन का निरीक्षण किया गया। आम, पपीता, सेव नियमानुसार पकाया जाना पाया गया। इसके अलावा विभाग द्वारा श्री सांवरिया सेण्डविच महाकाल वाणिज्य केन्द्र उज्जैन से बटर का नमूना, होटल क्षिप्रम महाकाल वाणिज्य केन्द्र उज्जैन से दूध का नमूना, अवंतिका फूड वेनचर से फेट स्प्रेट का नमूना, मालवा फ्रेगरेंस (चूल्हा पंजाब दा) से पनीर का नमूने लिये जाकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये।

### पूर्ण गरिमा मनेगा शिक्षक दिवस समारोह

**उज्जैन।** बुधवार को सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी सदस्य अनिल कुमार गुप्ता द्वारा जनसम्पर्क विभाग की समीक्षा उपायुक्त योगेन्द्र पटेल, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे एवं जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार की उपस्थिति मे की गई। बैठक में समिति प्रभारी गुप्ता जी द्वारा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि आगामी 5 सितंबर 2025 को पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को समर्पित शिक्षक दिवस की तैयारियों एवं संबंधित विभागीय कार्यों पर चर्चा की गई। आपने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रत्येक वार्ड पार्षदों से समन्वय कर शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम पूर्ण गरिमा के साथ भव्य रूप से आयोजित किया जाए इस हेतु स्थल का चयन, सम्मान हेतु शिक्षकों का चयन, आमंत्रण पत्र, होर्डिंग्स आदि की कार्यवाही आरंभ की जाए। बैठक में समिति प्रभारी गुप्ता द्वारा आगामी समय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की गई, जिसके क्रम में उपायुक्त योगेन्द्र पटेल द्वारा बताया गया कि वर्तमान में महाकालेश्वर भगवान की सवारी हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही नवम्बर माह में आयोजित होने वाले कार्तिक मेला 2025 आयोजन की भी तैयारी आरंभ कर दी है शीघ्र ही अस्थाई टेंट व्यवस्था, साउण्ड व्यवस्था सहित जनसम्पर्क विभाग से सम्बंधित कार्रवाई सम्पन्न की जाएगी।

### जयवंतपुर में रौपे 211 फलदार पौधे

**उज्जैन।** ज्ञान वर्षा इंटरनेशन स्कूल द्वारा एक पे? मां के नाम अभियान अंतर्गत 211 फलदार पौधे ग्राम जयवंतपुर में रोपण किए। स्कूल छात्र छात्राएं, शिक्षक, संचालक राजेश पाटीदार, ममता पाटीदार, मुकेश पाटीदार, अनीता पाटीदार, सुरेश पाटीदार, ज्योति पाटीदार के साथ मातृशक्ति के द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्य अनामिका व्यास, राजीव सक्सेना, सत्यप्रकाश पाटीदार, चेतन दर्शन, प्रवीण नायक, तुषार देव, ईश्वर चौधरी, भारती मेहता, शची वार्षनए, किरण यादव, माया चौधरी, सुरेखा गिलहोतरा, प्रीति शर्मा, प्रिया वर्मा, महालक्ष्मी, धैर्य पाटीदार चौहान, शालिनी पंड्या, किरण पूजा पाटीदार, चेतना पाटीदार, सिकरवार, रिया पाटीदार, गर्विता त्रिपाठी, कृष्णा पाटीदार, अंकित व्यास, सुभाष पाटीदार आदि के साथ पौधा रोपण किया एवं सभी पौधे का रख रखाव पानी एवं सुरक्षा की जिम्मेदार विकास पाटीदार सवाई सींग बा चौकीदार ज्ञान वर्षा परिवार ने ली।

### जोशी को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी

**उज्जैन।** भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिसमें उज्जैन के युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष भरत शंकर जोशी को राष्ट्रीय सचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। जोशी लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस विचारधारा के प्रसार और युवा हितों की रक्षा के लिए उज्जैन जिले में कई सशक्त, जन-आंदोलनों का नेतृत्व किया है। चाहे वह बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा अधिकार से जुड़े मुद्दे हों या युवा हितों की लड़ाई, भरत शंकर जोशी हमेशा अग्रणी भूमिका में रहे हैं। उनके कार्य और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर यह बड़ी जिम्मेदारी दी है। यह न सिर्फ उज्जैन, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उनकी नियुक्ति से जिलेभर के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

### मंदिर से बिके 87 क्विंटल लड्डू

**उज्जैन।** नाग पंचमी पर्व के दौरान 24 घंटे में उमड़े लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के भी दर्शन किए और लड्डू प्रसाद भी खरीदा। मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि नाग पंचमी पर्व के अवसर पर 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने 24 घंटे के अंदर दर्शन किए। इनमें से अधिकांश श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के भी दर्शन का लाभ लिया और बाबा महाकाल का लड्डू प्रसाद भी खरीदा। मंदिर समिति द्वारा खोले गए विभिन्न काउंटरों से 87.335 क्विंटल लड्डू प्रसाद बिकने की जानकारी प्राप्त हुई है। इससे समिति को 41 लाख 28 हजार रुपए की आय भी प्राप्त हुई है। हालांकि लड्डू के निर्माण में समिति का बड़ा खर्च भी होता है। आपको बता दें कि बाबा महाकाल के लड्डू देश और दुनिया भर से उज्जैन में आने वाले श्रद्धालु बड़ी चाह से खरीदते हैं और उसे वितरण के लिए अपने साथ ले जाते हैं।

### उज्जैन जिले में औसत 12.0 मिमी वर्षा दर्ज

**उज्जैन।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 12.0 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें तहसील उज्जैन में 4.0 मिमी, घट्टिया में 18.0 मिमी, नागदा में 6.2 मिमी, बड़नगर में 7.0 मिमी, महिदपुर में 10.0 मिमी, झारडा में 14.0 मिमी, तराना में 23.0 मिमी, माकडोन में 19.0 मि.मी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून 2025 से लेकर आज दिनांक तक जिले में औसत 355.4 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि में 435.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

---

**पीपलीनाका से भैरवगढ़ तक फोरलेन बनाने की मांग रहवासियों ने दिया ज्ञापन**

## पहली बार भाजपा,कांग्रेस के नेता एक सड़क की खातिर उतरे सड़कों पर

### सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर बनाया जाना है आंतरिक सिक्स लेन, प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम दिया ज्ञापन

**उज्जैन। हम सब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ विकास करने में सहयोगी हैं। कंधे से कंधा मिलाकर हम साथ देंगे सहयोग करेंगे। हम चौड़ीकरण के विरोधी नहीं हैं। हम विकास के पक्षधर हैं सिर्फ हमारी बात सुन ली जाए और सिक्स लेन को निरस्त करके फोरलेन बना दिया जाए।**

यह बात पीपलीनाका पर कांग्रेस भाजपा के नेताओं ने मंच साझा करते हुए बुधवार को एक स्वर में कही, दरअसल भैरवगढ़ से पीपलीनाका तक सिक्सलेन सड़क प्रस्तावित है। जिसका निर्माण पीडब्ल्यूडी को किया जाना है इसी का विरोध रहवासियों द्वारा किया गया। चौड़ीकरण से जुड़े इस प्रोजेक्ट में लगभग 88 करोड रुपए की लागत आना बताई जा रही है। उक्त सिक्स लेन को मास्टर प्लान का प्रोजेक्ट बताया गया और स्वीकृति भी दे गई दे दी गई थी। अब प्रभावित इस मामले में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारियों को ज्ञापन देते वक्त रहवासियों ने कहा कि अधिक से अधिक यहां फोर लेन बना देना चाहिए। सिक्स लेन की आवश्यकता नहीं है। जबकि सिंहस्थ में वैष्णव अखाड़े की पेशवाई के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए चौड़े मार्ग का प्रबंध




शासन प्रशासन कर रहा है। वहीं काल भैरव शिप्रा नदी और अन्य आश्रमों तक साधु-संतों श्रद्धालुओं के जाने की भी कनेक्टिविटी है। इस दृष्टि से अभी से सिक्स लेन किए जाने की बात अधिकारियों द्वारा कही जा रही है। पीडब्ल्यूडी को यह कार्य सौंपा गया है। हालांकि पहले इस कार्य को करने के लिए विकास प्राधिकरण से बातचीत चल रही थी। बुधवार को रहवासियों ने व्यापारियों ने दुकान बंद करके धरना प्रदर्शन आयोजित किया और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुहार लगाई है कि इस सिक्स लेन की बजाय फोर लेन ही किया जाए। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा से भी रहवासियों ने चर्चा की। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भाई नारायण यादव से भी क्षेत्र के लोग मिले हैं।

#### व्यापार बंद रखकर प्रदर्शन, 175 मकान, दुकान जद में आ रहे

नवभारत से चर्चा में रहवासियों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी या कांग्रेस का यह मामला नहीं है। यह मामला हमारा निजी है। क्योंकि हमारे दुकान मकान चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं। हमारे मकान दुकान ही नहीं बचेंगे तो हम क्या करेंगे। हमारे बच्चे कहां जाएंगे हम विकास के पक्षधर है। लेकिन सरकार को भी सोचना चाहिए। ऐसे में हमने बुधवार को व्यापार व्यवसाय बंद रखा है और सिक्स लेन का विरोध कर रहे हैं। शहर में इंदौर उज्जैन का फोर लाइन सिक्स लाइन में जहां तब्दील हो रहा है। वहीं शहर में एक और आंतरिक सिक्स लेन बनाए जाने की घोषणा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा की गई थी। जिसमें 175 मकान और दुकान हटाए जाने की नौबत आ गई है। ढाई किलोमीटर लंबे इस रोड को सिक्स लेन बनाई जाने की घोषणा 24 जून को की गई थी। सिक्स लेन की घोषणा होते ही इस क्षेत्र में विरोध पनप रहा है। पीपली नाका से भैरवगढ़ जेल चौराहे तक जो आंतरिक सिक्स लेन बनाए जाने की तैयारी चल रही थी। उसमें रहवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। 175 मकान दुकान जब टूटेंगे तो सैकड़ो लोग प्रभावित हो जाएंगे।

#### यह क्षेत्र आ रहे सिक्स लाइन की जद में

नवभारत से चर्चा में रहवासियों ने बताया कि भैरवगढ़ जेल चौराहे तक पीपलीनाका से जो सिक्स लाइन सड़क बनाई जा रही है। उसमें महावीर नगर, जानकी नगर ,ज्ञान टेकरी, गायत्री नगर, लक्ष्मी नगर, मोती नगर, वीर सावरकर, प्याऊ से लेकर अन्य क्षेत्र को चौड़ीकरण की जद में लिया गया है। इसमें सैकड़ो मकान दुकान जद में आ रहे। मकान दुकान के अलावा सिक्स लेन के निर्माण में आश्रम और गौशाला, स्कूल, धार्मिक स्थल भी आ रहे हैं। क्या सभी को तोड़ दिया जाएगा। यह सवाल रहवासी पूछ रहे हैं। उक्त कॉलोनी के कई मकान दुकान आश्रम सिंहस्थ क्षेत्र में है। धरना प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र के लोगों ने कहा कि चौड़ीकरण का विरोध नहीं किया जा रहा है, बल्कि सिक्स लेन का विरोध किया जा रहा है। इधर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह का कहना है कि प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में जो बैठक हुई थी। उसमें इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। शासन के आदेश का पालन तो करना ही है, वहीं रह वासियों की जो मांग है उसे सरकार को अवगत करा दिया जाएगा।

## सूने मकान में बदमाश घुसे, कुछ हाथ नहीं लगा

**उज्जैन। शहर में चोरियों की वारदातों में अचानक काफी इजाफा हो गया है। आगर रोड की गिरिराज रतन कॉलोनी के सूने मकान का बीती रात अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़ा और अंदर घुसे लेकिन वहां से कुछ चुराकर नहीं ले पाए। सुबह लोगों ने देखा तो घर मालिक को सूचना दी। परिवार गुना के समीप अपने गांव गया हुआ था और सूचना मिलने पर वापस लौट आया।**

चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने बताया कि आगर रोड की गिरिराज रतन कॉलोनी में रहने वाला महेश प्रसाद मिश्रा 8 दिन पहले छुट्टी होने के चलते गुना के समीप अपने ग्राम महूगंज गए हुए थे। इस दौरान उनका मकान सूना पड़ा हुआ था। इस बात का फायदा उठाकर बीती रात अज्ञात बदमाश ताला तोड़कर उनके घर में जा घुसे और पूरा घर उथल पुथल कर दिया। बदमाशों को घर में कुछ मिला नहीं। सुबह लोगों ने उनके घर का ताला टूटा देखा तो उन्हें सूचना दी। महेशप्रसाद की पत्नी चरक अस्पताल में नर्स का काम करती है और घर से जाते समय वे लोग जेवर और नगदी अपने साथ ले गए थे। इस वजह से चोरों के हाथ कुछ नहीं लग पाया। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी और मामले में जांच शुरू कर दी है। इधर खबर मिलने के बाद महेश प्रसाद वापस लौट आया था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज देखकर चोरी करने वालों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दूरदराज की कॉलोनियों में रात्रि में पुलिस गश्त नहीं होने के कारण चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है।

#### वृद्ध ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली

उज्जैन। ढांचा भवन क्षेत्र में रहने वाले वृद्ध मिर्गी रोग से पीड़ित थे। बीमारी से तंग आकर कल वृद्ध बाजार में जहर खाकर घर पहुंचे और हालत बिगड़ने लगी जिस पर परिजन अस्पताल लेकर आए, जहां कुछ देर में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने बताया कि ढांचा भवन निवासी अशोक शर्मा उम्र 65 साल मिर्गी रोग से ग्रस्त थे और इसकी वजह से परेशान रहते थे। कल शाम वे घर से बाजार के लिए निकले और वहां से जहर खाकर घर आए। घर पहुंचने पर वे उल्टियां करने लगे और हालत बिगड़ गई। इस पर परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार शुरू कर दिया गया लेकिन कुछ देर में ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आई और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस को उनके पुत्र पंकज ने बताया कि उसके पिता मिर्गी की बीमार से परेशान रहते थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

#### रामघाट पर डूब रहे युवक को बचाया

उज्जैन। श्रावण मास के चलते रामघाट पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान सुबह 7 बजे नीमच निवासी एक श्रद्धालु रोहित पिता का नाम कालू लालजी उम्र 20 वर्ष रविदास घाट पर स्नान कर रहे थे और एकाएक गहराई का अंदाजा होने के कारण पानी में डूबने लगे उन्हें पानी में डूबता हुआ देख घाट पर तैनात एसडीआरएफ सैनिक शिवकन्या ने तत्परता दिखाकर लाइफबॉय की मदद से डूब रहे युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। जिला कमांडेंट संतोष जाट ने बताया श्रावण सोमवार एवं नाग पंचमी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए क्षिप्रा के विभिन्न घाटों पर लगातार शिफ्टों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती कर घाट सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है। वर्तमान में क्षिप्रा के विभिन्न घाटों पर 130 से अधिक होमगार्ड एसडीआरएफ के जवान तैनात किए गए हैं। जवान के द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य के लिए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

## बड़े बकायादारों को सूचना पत्र जारी कर वसूली की कार्रवाई की जाए

**उज्जैन।** संपत्ति कर विभाग की समीक्षा बैठक नगर निगम के छत्रपति शिवाजी भवन में राजस्व समिति प्रभारी रजत मेहता द्वारा उपायुक्त योगेन्द्र पटेल, सहायक आयुक्त राघवेन्द्र सिंह पालिया एवं सहायक सम्पत्तिकर अधिकारियों की उपस्थित में की गई। बैठक में प्रभारी रजत मेहता एवं उपायुक्त योगेन्द्र पटेल द्वारा संपत्ति कर शाखा के समीक्षा करते हुए लंबित नामान्तरण प्रकरणों की जानकारी, संपत्ति कर वसूली की समीक्षा, बड़े बकायेदार माइक्रो लेवल के बकायदार वर्तमान वर्ष के बकायदारों की जानकारी, आगामी नेशनल लोक अदालत में की जाने वाली वसूली के संबंध में तैयारी, नगर पालिका 2.0 संपत्ति कर मॉड्यूल के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए झोन अन्तर्गत सम्पत्तिकर शाखा मे पदस्थ कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए उनको सौंपे गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई।

समीक्षा बैठक में आपने निर्देशित किया कि नामांतरण प्रकरणों में प्राप्त आपत्ति के निराकरण में विलम्ब ना किया जाए, बड़े बकायादारों करे 7 दिवस में बकायाराशि जमा करने हेतु सूचना पत्र जारी किये गए अवधी समाप्त होने के उपरांत कुर्की की कार्यवाही की जाए, माहवार नामान्तरण प्रकरणों की सूचि झोनवार सूचना पटल पर चश्पा की जाए, नामंतरण सूचि को निगम के पोर्टल पर भी प्रदर्शित किया जाए।

उपायुक्त योगेन्द्र पटेल द्वारा समस्त सहायक सम्पत्तिकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे करदाताओं को ऑनलाईन क्युआर कोड के माध्यम से कर जमा किये जाने की जानकारी दें। आपने कहा कि 'करदाता ऑनलाइन प्रक्रिया में क्यूआर कोड स्कैन कर ई नगर पालिका पोर्टल पर समग्र आईडी या पारिवारिक सदस्य आईडी एवं मोबाइल से लॉगिन कर ओटीपी की पुष्टि के माध्यम से भुगतान कर सकता है। बैठक में सम्पत्तिकर अधिकारी सुनिल जैन, सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी आदेश परिहार, रोहित शिन्दे, भरत मालवीय, कैलाश यादव, जफर आलम अंसारी, संतोष शर्मा उपस्थित रहे।

## लालबाई-फूलबाई चौराहे पर दीवार गिरी, कार और स्कूटी आए चपेट में

उज्जैन। **दो दिनों से लगातार हो रही रिमझिम बारिश के चलते लालबाई-फूलबाई चौराहे के पास मंगलवार दोपहर करीब 3.30 बजे नगर निगम के कांजी हाउस की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने से वहां खड़ी कार और स्कूटी उसकी चपेट में आ गई।**

गनीमत रही कि बारिश के चलते वहां कोई नहीं जिससे कोई भी जनहानि नहीं हुई अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता है। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शहर और आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से लगातार रिमझिम बारिश का दौर जारी है। इसके चलते ही जर्जर हो चुकी कांजी हाउस की दीवार भरभराकर गिर गई। रहवासियों का कहना है कि जिस जगह पर दीवार गिरी वहां बच्चे खेलते हैं। हालांकि, बारिश के कारण सभी अपने घरों में थे इसलिए किसी को भी चोट नहीं आई।

#### कालभैरव मंदिर के समीप दुकान में आग लगी

उज्जैन। कालभैरव मंदिर के समीप मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात शार्ट-सर्किट के चलते फूल-प्रसादी की दुकान में आग लग गई। जिससे उसमें रखा सामान जल गया। सूचना पर रात करीब 2.15 बजे तीन फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। भैरवगढ़ थाने के एसआई एसएन प्रजापति ने बताया दुकान राजा भाटी की है। कितना नुकसान हुआ है, जानकारी जुटाई जा रही है।

### सड़क पर रखी सामग्री को किया जब्त

**उज्जैन।** बुधवार को वार्ड क्रमांक 40 महाकाल धाम उण्डासा मक्सी रोड पर भवन निर्माणकर्ता यशपाल सिंह पिता राम सिंह भदौरिया द्वारा भवन निर्माण करते समय अपने भवन निर्माण की सामग्री रोड पर रखी गई थी जिसके कारण आवागमन अवरुद्ध हो रहा था एवं नागरिकों को निकालने में परेशानी हो रही थी उक्त विषय को संज्ञान में लेते हुए झोन क्रमांक 5 की उपयंत्री सुसौम्या चतुर्वेदी द्वारा जेसीबी के माध्यम से भवन निर्माण सामग्री जब्त करते हुए संबंधित भवन निर्माण करने वाले पर राशि रुपए 06 हजार का जुर्माना किया गया साथ ही हिदायत दी गई की भवन निर्माण करते समय अपने भवन निर्माण सामग्री को अंदर ही रखें ताकि मार्ग अवरुद्ध ना हो।

### 3 को होगी एग्रीकल्चर स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा

**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय में कृषि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त रविवार को किया जाएगा। इस परीक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की खोज करना और उन्हें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करना है। इस प्रवेश परीक्षा के द्वारा छह प्रमुख विषयों एग्रोनॉमी, सॉयल साइंस, हॉर्टिकल्चर, पैथोलॉजी, एंटोमोलॉजी तथा एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन में कृषि स्नातकोत्तर के लिए प्रवेश दिया जाएगा। यह परीक्षा कृषि विज्ञान के इन विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। साथ ही विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में अग्रसर होगा साथ ही आईसीएआर मान्यता (आईसीएआर एक्रिडिटेशन) के लिए प्रयासरत है।

## पानी पतासे ठेला संचालक अपने हाथों में ग्लव्स पहनकर ही कार्य करें : महापौर

**उज्जैन।** शहर के समस्त पानी पताशी का ठेला लगाने वाले दुकानदारों को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा समझाइश दी गई कि आपकी दुकान पर जो भी पानी पताशी खाने आए उन्हें पूरी सावधानी एवं हाथों में ग्लब्स पहनकर ही पानी पतासी खिलाएं नार्गारकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना आप सभी की जिम्मेदारी है, वर्तमान में बारिश का समय है ऐसे में बीमारियां फैलने का डर रहता है इसीलिए सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए एवं अपनी दुकानों पर भी सफाई का ध्यान रखते हुए खाद्य सामग्री को ढंक कर रखें। बुधवार को महापौर द्वारा चरक अस्पताल के पीछे लगने वाली चौपाटी, इंदिरा नगर चौराहा की चौपाटी एवं फ्रीगंज चौपाटी का निरीक्षण करते हुए पानी पतासी का ठेला लगाने वाले एवं अन्य खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले व्यापारियों को समझाइश देने का कार्य किया गया एवं महापौर ने अपने हाथों में ग्लव्स पहनकर नागरिकों को पानी पुरी भी खिलाई एवं दुकानदारों को बताया कि इस प्रकार अपने हाथों में ग्लव्स पहनकर ही कार्य किया जाए साथ ही प्रतीकात्मक रूप से पानी पतासी के ठेले लगाने वालों पर 50 रुपए की जुर्माने की कार्रवाई भी की गई एवं निर्देशित किया गया कि ग्लब्स पहनकर ही कार्य करें अन्यथा भारी जुर्माना किये जाने की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, उपायुक्त मनोज मौर्य, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, कालूराम सोलंकी, स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश भाटी उपस्थित रहे।

---

**बैठक संपन्न** — **सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित-आमजन सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की हर संभव मदद करे**

## सड़क दुर्घटना में किसी भी स्थिति में मृत्यु न हो ऐसे प्रयास किए जाएं : पूर्व न्यायाधीश सप्रे

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** सड़क सुरक्षा के लिए गठित सुप्रीम कोर्ट समिति के अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में बुधवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पूर्व न्यायाधीश सप्रे ने कहा कि उज्जैन एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल है। यहां दूर-दूर से श्रध्दालु दर्शन के लिए आते हैं। यहा सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे श्रध्दालु यहां से लौटते समय सुखद अनुभव लेकर जाएं। सड़क दुर्घटना में किसी भी स्थिति में मृत्यु न हो ऐसे प्रयास किए जाएं। इसके लिए जीरो टालरेन्स नीति




अपनाई जाए। सड़क सुरक्षा के अंतर्गत परिवहन, पुलिस, स्वास्थ्य, चिकित्सा, लोकनिमार्ण विभाग, राजस्व, एनएचएआई और एमपीआरडीसी बेहतर ताल-मेल के साथ कार्य करें। सड़क दुर्घटनाओं की प्रतिदिन समीक्षा कर इनमें कमी लाई जाए। सड़क दुर्घटनाओं को अधिक से अधिक टालने के प्रयास किए जाएं। टू व्हीलर चला रहे ज्यादातर लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु इसीलिए होती है क्योंकी उन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है। टू व्हीलर चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट पहनने के लिए लोगों को जागरुक किया जाए। हेलमेट सुरक्षा है, बोझ नहीं यह समझाने का प्रयास किया जाए। आरटीओ द्वारा जागरुकता शिविर समय समय पर लगाए जाएं। वाहनों की फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाए। फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने से पहले वाहनों का सूक्ष्मत: निरीक्षण किया जाए। आमजन सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की हर संभव सहायता करें। यदि आप सड़क दुर्घटना में किसी का जीवन बचाते हो तो यह अत्यंत पुण्य का काम है। आमजन ऐसे प्रकरणों में घायल व्यक्ति की पूर्ण संवेदनशीलता के साथ सहायता करें। बैठक में विगत 05 वर्षों में वर्षवार वाहन दुर्घटना की जानकारी दी गई। पूर्व न्यायाधीश सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु न हो इस बात के विशेष प्रयास किए जाएं। ब्लेक स्पॉट को शीघ्र अतिशीघ्र सुधारा जाए। विलंब की स्थिती में संबंधित ठेकेदार को आजीवन ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए।

बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधिक्षक प्रदीप शर्मा, एडीएम प्रथम कौशिक, नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक, सीईओ स्मार्ट सिटी संदीप शिवा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष मालवीय, ईई पीडब्ल्युडी गौतम अहिरवार, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।